27 -JAN-JSP-BHOOMI-pg-1_Layout 1 1/27/2024 9:07 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 14.2 डिग्री

न्यूनतम 8.2 डिग्री

हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, रविवार, 28 जनवरी 2024

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]


6

बालिकाओं को मिले सशक्त, सुरक्षित माहौल



## खबर संक्षेप

### बालाझार पंचायत में हाथियों का उत्पात, ढहाए घर

**पत्थलगांव।** बालाझार पंचायत में हाथी का प्रकोप नगरपखना जंगलपारा में खुखरी नामक व्यक्ति के घर को रात्रि 2:30 से 3:30 बजे के आस-पास हाथी पहुचा घर को तोड़ कर एक कट्टा धान को खाकर जंगल की ओर चले गया बड़ी मुस्किल से घर के सदस्यों ने अपनी जान बचाई। वन परीक्षेत्र अधिकारी कृपा सिंधु पैंकरा ने बताया कि तमता क्षेत्र और लुड़ेग में हाथी है। आम लोग थोड़ा ध्यान रखे हमारे वन कर्मी लगातार हाथी होने की बात बता गांव वालों को बता रहे है। हांथी के नजदीक जाने की कोशिश न करें जिनका घर टूटा है उनके नुक्सान का आंकलन कर जल्द ही मुवायजा राशि प्रदान की जाएगी।

### सामूहिक दुष्कर्म के पांच आरोपी गिरफ्तार

**कोतबा।** जशपुर जिले के बागबहार थाना क्षेत्र में बीती रात एक कार्यक्रम से लौट रही किशोरी के से गांव के ही 5 युवकों ने गैंगरेप किया। घटना की सूचना सुबह बागबहार पुलिस को मिली तो हड़कंप मच गया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक बागबहार थानाक्षेत्र के एक गांव में 17 वर्षीय किशोरी पंचायत भवन के पास डीजे पार्टी में शामिल होने गई थी। रात को वह डीजे में डांस कर वापस घर लौट रही थी। उसे अकेले लौटते देख गांव के ही पांचों युवक उसका पीछा किए और सूनसान स्थान पर उसे पकड़ लिया। किशोरी ने शोर मचाने की कोशिश की, लेकिन कुछ दूर पर तेज आवाज में बज रहे डीजे के कारण उसकी आवाज कोई नहीं सुन सका। आरोपी उसे दूर खेत में ले गए और गैंग रेप की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद मौके पर ही छोड़कर आरोपी भाग निकले।

### राशन कार्ड का नवीनीकरण कराने की अंतिम तिथि 29 फरवरी तक

**बलरामपुर।** जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत जिले में प्रचलित समस्त अन्त्योदय, प्राथमिकता, निराश्रित, निःशक्त जन राशन कार्ड तथा सामान्य राशन कार्ड का नवीनीकरण कराने की तिथि 25 जनवरी से 29 फरवरी तक निर्धारित किया गया है। राशन कार्ड का नवीनीकरण कराने के लिए राशन कार्ड में शामिल कम से कम एक सदस्य का ई-केवाईसी पूर्ण होना आवश्यक है। अत्याधिक वृद्ध तथा शारीरिक रूप से निःशक्त ऐसे हितग्राही जिनके लिए नॉमिनी नियुक्त है उन्हें उपरोक्त प्रावधान से छूट होगी। नवीनीकरण कराने की प्रक्रिया के तहत हितग्राही खाद्य विभाग की वेबसाईट खाद्य डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन में उपलब्ध राशन कार्ड नवीनीकरण एप्प को अपने एंड्रॉयड मोबाइल में डाउनलोड करें तथा नियमानुसार विकल्प के जरिए आवेदन प्रस्तुत करें।

### अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत, दो लोग हुए घायल

**अम्बिकापुर।** बोलेरो व ट्रैक्टर की टक्कर से अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार जशपुर थाना अंतर्गत ग्राम घौटाटोली निवासी दिनेश्वर लोहार आ. दुलवा लोहार (40 वर्ष) सोमवार की शाम गांव के महादेव मंदिर से पूजा कर पैदल घर आ रहा था। इसी दौरान घौटा टोली मुख्य मार्ग पर पीछे से आ रहे बोलेरो के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में दिनेश्वर गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार दूसरी घटना में सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम उडुमकेला निवासी नैहर साय आ. कतको (40 वर्ष) मंगलवार को गांव के ही बिहानू व रूपेश के साथ बाइक से मैनपाट जा रहे थे।

# जागेश्वर यादव को पद्मश्री मिलने की घोषणा के बाद गांव में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ ग्राम भितघरा ने पारंपरिक तरीके से किया स्वागत

जिले के रहने वाले जागेश्वर यादव का नाम 2024 के पद्मश्री पुरस्कार के लिए चयनित हुआ है। जिले के बिरहोर आदिवासियों के उत्थान हेतु बेहतर कार्य के लिए उन्हें यह अवार्ड दिया जाएगा।

बगीचा ब्लॉक के भितघरा गांव में पहाड़ियों व जंगल के बीच रहने वाले जागेश्वर यादव वर्ष 1989 से ही बिरहोर जनजाति के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने इसके लिए जशपुर में एक आश्रम की स्थापना की है। साथ ही शिविर लगाकर निरक्षरता को खत्म करने और स्वास्थ्य व्यवस्था लोगों तक पहुंचाने के लिए कड़ी मेहनत की है। उनके प्रयासों का नतीजा था कि कोरोना के दौरान टीकाकरण की सुविधा मुहैया कराई जा सकी। इसके अलावा शिशु मृत्यु दर को कम करने में भी मदद मिली। जगेश्वर यादव के पद्मश्री अवार्ड का चयन होने के बाद से उनके घर, गांव खासकर बिरहोर और विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य ग्रामों में खुशी का माहोल है। साथ ही लोगों का बधाई देने के लिए उनके घर आने का सिलसिला जारी है। भितघरा के निवासी ख़ुशी से झूम-नाच रहे है। जब जशपुर से जगेश्वर यादव का अपने गांव पहुंचे तो उनका उत्साह के साथ ग्राम वासियों ने स्वागत किया। पारम्परिक गीत-नृत्य के साथ उनके घर तक नाचते-गाते हुए उन्हें घर पहुंचाया। जगेश्वर यादव का पूरा जीवन समाज के लिए समर्पित है। जगेश्वर



जागेश्वर का स्वागत करते ग्रामीण।

यादव जशपुर के आदिवासी कल्याण कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने हाशिए पर पड़े बिरहोर और पहाड़ी कोरवा लोगों के लिए काम किया। उन्होंने जशपुर में आश्रम की स्थापना की और निरक्षरता को खत्म करने के साथ-साथ आदिवासियों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाईं। कोरोना के दौरान जगेश्वर ने आदिवासियों को वैक्सीन लगवाईं। इन कामों में आर्थिक तंगी तो आड़े आई लेकिन इसके बावजूद जागेश्वर यादव ने कभी भी सेवा में कमी नहीं आने दी। अपने अथक प्रयासों से वो बिरहोर के भाई बन गए। जगेश्वर यादव का जन्म जशपुर जिले के भितघरा में हुआ था। बचपन से ही इन्होंने बिरहोर आदिवासियों की दुर्दशा देखी थी। जानकारी के मुताबिक घने जंगलों में रहने वाले बिरहोर आदिवासी शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से वंचित थे। जगेश्वर ने इनके जीवन को बदलने का फैसला किया। इसके लिए सबसे पहले उन्होंने आदिवासियों के बीच रहना शुरू किया। उनकी भाषा और संस्कृति को सीखा। इसके बाद उन्हें शिक्षा की अलख जगाई, और स्कूलों में भेजने के लिए प्रोत्साहित किया। जगेश्वर यादव 'बिरहोर के भाई' के नाम से चर्चित हैं।

### जब सीएम ने लगाया बिरहोर भाई को गले

मुख्यमंत्री के रूप मे शपथ लेने के बाद, जगेश्वर राम भी विष्णु देव साय को बधाई देने के लिए रायपुर स्थित पहुना अतिथि गृह पहुंचे थे। सीएम से मिलने के लिए बेरीकेट के पास खडे हुए थे, जनदर्शन कर रहे सीएम साय की नजर जैसे ही जगेश्वर राम पर पड़ी, उन्होंने, अपने पास बुलवाया और गले लगा कर, सबसे उनका परिचय कराया।

### मुख्यमंत्री ने फोन करके दी बधाई

पद्मश्री पुरस्कार की घोषणा होते ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जगेश्वर राम को फोन करके उन्हें बधाई दी। सीएम ने जगेश्वर राम की अथक प्रयास की प्रशंसा करते हुए, आगे दोगुने उत्साह के साथ, पहाड़ी कोरवा और बिरहोर जनजाति के विकास के लिए काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान जगेश्वर राम ने भी उन्हें सम्मानित करने के प्रदेश और केंद्र सरकार का आभार जताया।

# विधायक गोमती साय ने ली परेड की सलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

75 वां गणतंत्र दिवस समारोह जिले में देशभक्ति की भावना और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जशपुर जिला मुख्यालय में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह रणजीता स्टेडियम में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया।

इस अवसर पर जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, पूर्व छग पर्यटन मण्डल अध्यक्ष कृष्ण कुमार राय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेन्द्र यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना लकड़ा, कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल, पुलिस अधीक्षक डी.रविशंकर, अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर, अपर कलेक्टर आरपी चौहान, अतिरिक्त पुलिस





अधीक्षक उमेश कश्यप सहित जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चें एवं नागरिकगण उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने जिले वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में शांति के प्रतीक श्वेत कबूतर और रंगीन गुब्बारे भी उड़ाए गए। इस अवसर पर उत्कृष्ठ कार्य के लिए अधिकारी-कर्मचारियों एवं खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इनमें स्वास्थ्य विभाग के, पुलिस विभाग के कर्मचारी, राजस्व के कर्मचारी, जिला पंचायत के कर्मचारी, खनिज विभाग के कर्मचारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारी, नगर सेना के कर्मचारी, शिक्षा विभाग के कर्मचारी, जनसंपर्क विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, खेल विभाग से और छग राज्य आजीविका मिशन बिहान के कर्मचारी कुल 23 विभाग के 200 अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। झांकी में रेशम विभाग को प्रथम स्थान, स्वास्थ्य विभाग को दूसरा स्थान, जिला पंचायत विभाग को तीसरा स्थान मिला। सांस्कृतिक कार्यक्रम जूनियर में डीपीएस पूर्व माध्यमिक विद्यालय जशपुर प्रथम, पूर्व माध्यमिक शाला कल्याण आश्रम जशपुर द्वितीय, शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक विद्यालय जशपुर, तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रम सीनियर में प्रथम स्थान स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट नवीन आदर्श अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जशपुर, द्वितीय संत जेवियर उमावि जशपुर, तृतीय शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उमावि जशपुर को मिला। परेड सीनियर में नगर सेना महिला बल जशपुर प्रथम, 11वीं एवं 13वीं वाहिनी छसबल द्वितीय, एनसीसी सीनियर तृतीय स्थान प्राप्त किया। परेड जूनियर में प्रथम स्थान बैंड दल सेंट जेवियर्स शांति भवन, द्वितीय सरस्वती शिशु मंदिर जशपुर एवं तृतीय स्थान एनसीसी जूनियर जेडी सेजस हिन्दी मिडियम जशपुर प्राप्त किया। गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर बिरहोर आदिवासियों के उत्थान में जीवन समर्पित करने वाले पद्मश्री नामित जागेश्वर यादव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# सरईटोला में सभी स्कूलों ने मनाया गणतंत्र दिवस



**पत्थलगांव।** ग्राम सरईटोला में एकलव्य स्कूल, हाई स्कूल, मिडिल स्कूल , प्रायमरी स्कूलों ने एक साथ मिलकर गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण के बाद में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया।

मुख्य अतिथि लुड़ेग भाजपा मंडल के महामंत्री मनीष अग्रवाल थे। जिन्होंने माँ भारती और माँ सरस्वती की छाया चित्र पर फूल माला पहना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। एकलव्य स्कूल हाई स्कूल मिडिल स्कूल एवं प्रायमरी स्कूल के सभी छात्र ने एक से बढ़ कर एक कार्यक्रम पेश किया देशभक्ति से लेकर पारम्परिक नृत्य से लेकर स्कूली छात्रों ने भाषण पेश किया कार्यक्रम के दौरान ही स्कूल में कम शिक्षक होने की बात कही गई जिस पर भाजपा मंडल महामंत्री मनीष अग्रवाल ने वहां शिक्षको सहित सभी मौजूद लोगों को कहा कि ये जिला मुख्यमंत्री का ग्रह जिला है। यहां की हर कमी को जरूर पूरा किया जाएगा जल्द ही स्कूल में शिक्षकों की ब्यवस्था की जाएगी। इस कार्यक्रम में ग्राम सरई टोला के लोगो ने विलुप्त हो रही सुवा डंडा नृत्य पेश किया जिसे देख कर सभी ने ताली बजाकर उनका हौशला बढ़ाया स्कूल के सभी छात्र छात्राओं ने पारंपरिक वेश भूषा में अनेक नृत्य पेश किए जिसे अतिथियों के अलावा अन्य कार्यक्रम को देख रहे लोगो ने खुभ सराहा मौजूद लोगों ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने वालों को शुभकामनाएं दिए।

## स्कूल परिसर में ध्वजारोहण के बाद आकर्षक परेड



**जशपुरनगर।** शुक्रवार को यहां के देव पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल एवम डीपीएस प्रायमरी बालाजी में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। जहां ध्वजारोहण के बाद कई कार्यक्रम हुए। वहीं गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम रणजीता स्टेडियम में था, जहां डीपीएस के विद्यार्थियों के ग्रुप ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपना जलवा बिखेरा।

पूरे दर्शकदीर्घा में डीपीएस का जादू छाया रहा। इस शानदार प्रस्तुति पर स्कूल को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जूनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार मिला। इधर, डीपीएस स्कूल में विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर ओमप्रकाश सिन्हा ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। इससे पहले उन्होंने भारत माता के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस मौके पर आन, बान और शान से तिरंगा लहराता रहा। स्कूली बच्चों ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। डीपीएस किड्स और बालाजी प्रायमरी के बच्चों ने आकर्षक डांस कर सबका मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने भाषण, देशभक्ति गीत, नृत्य जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नन्हे बच्चों ने आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों के मन को मोह लिया। कार्यक्रम को देशभक्ति से लबरेज बनाने में शिक्षकों के साथ -साथ अभिभावकों की भी मुख्य भूमिका रही। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर ओपी सिन्हा, डायरेक्टर सुनिता सिन्हा, प्रिंसिपल एडमिनिस्ट्रेशन जयंती सिन्हा, प्रिंसिपल एकेडमिक गार्गी चटर्जी, वाइस प्रिंसिपल ऐरिक सोरेंग सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## भाजपा ने मनाया गणतंत्र दिवस



जशपुरनगर। पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय एवं जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत की उपस्थिति में वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीमती उमा सिन्हा ने ध्वज फहराकर सलामी ली। राष्ट्रगान के बाद भारत माता की जय, जय हिंद के नारों से कार्यालय परिसर गूंज उठा।

इस अवसर पर श्रीमती उमा सिन्हा ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए देश के प्रति अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सपूतों को याद किया साथ ही देश की एकता अखंडता को अक्षुण रखने का संकल्प लिया। पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कार्यकर्ताओं को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए आह्वान किया कि लोकतंत्र और देश के संविधान की गरिमा में वृद्धि के लिए सभी अपनी-अपनी जिम्मेदारियां निभाने का संकल्प लें। श्री राय ने कहा कि यह राष्ट्रीय पर्व हमें लोकतांत्रिक मूल्यों और देश के संविधान के प्रति अपने दायित्वों, कर्तव्यों और जिम्मेदारियों की याद दिलाता है। हमें संविधान को और मजबूत बनाते हुए अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को लेकर आगे बढ़ना है। आज गणतंत्र दिवस पर पार्टी कार्यकर्ता अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प लें। विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने सभी को बधाई देते हुए कहा हमें प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प को आगे बढ़ाना है और भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाना है ।और इस संकल्प के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। आज हमारे लिए गर्व की बात है कि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं और अपने लोकतांत्रिक मूल्यों को लेकर लगातार हमारा देश और प्रदेश विकास की ओर अग्रसर है।

## हर्षोउल्लास से लहराया तिरंगा



**कोतबा।** नगर के एकमात्र कम्प्यूटर प्रशिक्षण संस्थान जीडी प्रोफेशनल कॉलेज कोतबा में 75वं गणतंत्र दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के ब्रांच डायरेक्टर श्रीमती गंगोत्री यादव ने ध्वजारोहण किया तथा सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया गया। तत्पश्चात कॉलेज के सभागार में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में ब्रांच डायरेक्टर श्रीमती गंगोत्री यादव ने सभी को 75वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी के ऊपर राष्ट्र के विकास की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। विशेष रूप से युवाओं राष्ट्र सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़कर कार्य करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्र की अस्मिता और गौरव को अक्षुण्ण बनाए रखने की अपील की साथ ही भारत का संविधान लागू होने के दिन के महत्व को बताया। उन्होंने देश की शून्य से अनंत तक की यात्रा पर विचार साझा करते हुए छात्रों को असाधारण उपलब्धियों के लिए अपने आराम क्षेत्र से बाहर निकलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हुए कुछ किस्से साझा किए, जिससे उन्हें काफी प्रेरणा मिली। वही भारतीय संविधान की प्रस्तावना के महत्व को समझाया।

उन्होंने प्रस्तावना के बीज शब्दों के अर्थ को विस्तार से बताया। इस अवसर पर ब्रांच डायरेक्टर श्रीमती गंगोत्री यादव, दुर्योधन यादव, आचार्य मनीष कृष्ण शास्त्री व शिक्षक प्रकाश वारे आशीष चौहान समारु राम नाग कार्तिकेश्वर प्रेमा लकड़ा और छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

## सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ

# संभाग के 14 विद्यार्थी पंडित रेवती रमण मिश्र स्मृति पुरस्कार से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सरगुजा शैक्षणिक संभाग (सरगुजा, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर-रामानुजगंज, जशपुर) से शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए, गणतंत्र दिवस को पंडित रेवती रमण मिश्र फाउंडेशन कार्यालय में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में पुरस्कार के संस्थापक अनूप कुमार मिश्र के द्वारा मेरिट में आए चयनित मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार राशि व प्रशस्ति पत्र के माध्यम से सम्मानित किया एवं उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ भी दिया एवं पंडित जी द्वारा रचित कविता मातृभूमि का प्यार में लेकर हम जीते हैं का गायन सभी छात्रों के साथ किया, प्रभु नारायण वर्मा ने अपने उद्बोधन में बच्चों के भविष्य के लिए उचित मार्गदर्शन के साथ



शुभकामनाएं भी दिया।

कार्यक्रम में शशिकांत दुबे, अरुण त्रिपाठी एवं चयनित मेधावी छात्र छात्राएं एवं उनके परिवार के सदस्य एवं मित्रगण विशेष रूप से उपस्थित थे.. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप ज्योति परम ज्योति दीप ज्योति जनार्दनः एवं सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्वलित करके एवं पंडित जी के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया एवं समापन वन्दे मातरम के सुमधुर गायन के साथ सम्पन्न हुआ।

### कक्षा 12वीं के पुरस्कृत छात्र

कु प्रिया रोहरा, मनेन्द्रगढ़, अंक 96.20%, पुरस्कार 5000/, श्री देवकुमार देवांगन, जशपुर, अंक 95.40%, पुरस्कार 3000/, कक्षा 10वीं के पुरस्कृत छात्र , रोहित यादव, जशपुर, अंक 98.83%, पुरस्कार 3000/, कु पिंकी यादव, जशपुर, अंक 98.17% पुरस्कार 2000/, सूरज पैंकरा, जशपुर, अंक 98.17%, पुरस्कार 2000/ , आदित्य राज गुप्ता, कुनकुरी, अंक 97.67%, पुरस्कार 2000/, कु आरती चौहान, जशपुर, अंक 97.50%, पुरस्कार 2000/, योगेश सिंह, जशपुर, अंक 97.50% पुरस्कार 2000/, कु वंशिका गुप्ता, अम्बिकापुर, अंक 97.50%, पुरस्कार 2000/, 8- कु आकांक्षा साहू, जशपुर, अंक 97.37%, पुरस्कार 2000/, 9- कु बुलबुल यादव, कुनकुरी, अंक 97.33%, पुरस्कार 2000/, 10- श्री सक्षम एक्का, जशपुर, अंक 97.33%, पुरस्कार 2000/, कु रिंकी यादव, जशपुर, अंक 97.17%, पुरस्कार 2000/, श्री अनुज कुमार, जशपुर, अंक 97.17%, पुरस्कार 2000/, अर्जुन सिन्हा, कुनकुरी, अंक 97.17%, पुरस्कार 2000/, अमन सिंह, कुनकुरी, अंक 97.00%, पुरस्कार 2000/।

## श्रद्धा से की गई चित्रगुप्त मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा

■ अंतिम दिन पत्थलगांव विधायक गोमती साय रहीं मुख्य आतिथि

**जशपुरनगर।** नगर के सारुडीह चौक स्थित श्री चित्रगुप्त जी भगवान की मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम अत्यंत ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में कायस्थ समाज के लोग एकजुट हो विधिविधान से पूजा अर्चना किए और भक्तिमय माहौल के बीच नगर भ्रमण किये। उक्ताशय की जानकारी देते हुवे अखिल भारतीय कायस्थ समाज के जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंहा ने बताया कि कायस्थ समाज के द्वारा जशपुर के सारुडीह में ज्ञान शौर्य और विवेक के प्रतीक श्री चित्रगुप्त जी भगवान का भव्य मंदिर निर्माण किया गया है। उक्त मंदिर निर्माण में समाज के सभी व्यक्तियों का अतुल्य योगदान रहा है। इस मंदिर में भगवान श्री चित्रगुप्त जी का मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया गया।तीन दिन तक चले कार्यक्रम में राजपुरोहितों के द्वारा वैदिक मंत्रोजाप के बीच विधि विधान से पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इस दौरान तीन दिन तक रोजाना वैदिक गौरी गणेश पूजन व आरती के साथ साथ कीर्तन भजन किया गया।तीन दिन तक चले इस कार्यक्रम के दौरान कायस्थ समाज के लोगों ने विधि विधान से क्रमशः जलयात्रा, गौरी गणेश पूजन,वेदी प्रतिष्ठा, जलाधिवास, अन्नाधिवास, फलाधिवास, शर्कराधिवास, शैय्याधिवास, शिखर कलश पूजन, इन्द्रध्वज पूजन, मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा, पूजन, श्रृंगार, हवन, आरती, नगरभ्रमण, भण्डारा एवं मूर्ति स्थापना कर भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज का पूजा व आरती किया।

# ON-SPOT BOOKING

26th 27th and 28th Jan 2024


SWARNIMA ERA
2, 3 & 4 BHK INDEPENDENT BULGALOWS
BILASPUR (C.G.)

## Opening new living experiences.

### 2, 3 & 4 BHK STYLISH INDEPENDENT BUNGALOW INR 41.99* LAKH ONWARDS.

- Grand Attractive Entrance Gate with water bodies
- 3 Dome Divine Temple
- Exclusive Club Swarnima • Club Terace Garden
- Swimming pool with Jaccuzzi & Kids pool
- 5 Big Landscape Garden with flower zone
- Children's Play area
- Gymnasium
- Meditation, Spa , yoga & Massage area
- Sculpture art statues with sitting zones & water bodies
- 60 ft Main road with designer street light
- Underground electrification & Water supply, with Seewage treatment plant
- Security & Convenience
- Best-in-class Specifications with Designer House Elevation

BOOKINGS OPEN IN NEW PHASE







Shrine+91 98337 11720








*Conditions Apply

PLOTS AND CUSTOMISED HOUSES ALSO AVAILABLE

CALL: 97557 93333 | 97552 93333 | Rera no. PCGRERA250221001201
www.rera.cgstate.gov.in

Site address: Swarnima Era, Beside Geetanjali City Phase 2, Bahtarai Road, Bilaspur(C.G.) swarnimaera@gmail.com www.swarnimaera.com

फिल्म इवेंट

टॉलीवुड


## अन्नापूर्णानी पर बेबाक बयानी कर चर्चा में आए वेत्रिमारन



**चेन्नई।** नयनतारा की 'अन्नपूर्णानी' हाल ही में ओटीटी पर रिलीज हुई थी। हालांकि, इसके बाद फिल्म और इसके निर्माताओं को धार्मिक भावनाओं को आहत करने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा। भारतीय सिनेमा के मशहूर फिल्मकार वेत्रिमारन बेबाकी से अपनी बात रखने के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में उन्होंने लेडी सुपरस्टार नयनतारा की फिल्म 'अन्नपूर्णानी' को नेटफ्लिक्स से हटाए जाने पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। निर्देशक ने खुलकर इस फिल्म के समर्थन में आवाज उठाई है। वेत्रिमारन ने कहा, ₹भारत में फिल्मों के लिए बिना सेंसर की रचनात्मक स्वतंत्रता जैसी कोई चीज नहीं है। यह बात ओटीटी रिलीज पर भी लागू होती है। हालांकि, यह फिल्म इंडस्ट्री के लिए अच्छा नहीं है कि सेंसर द्वारा पास होने के बाद भी बाहरी दबावों के कारण फिल्म को स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म से हटा दिया जाए। किसी फिल्म को मंजूरी देने या उस पर रोक लगाने का अधिकार केवल सेंसर बोर्ड के पास है। ऐसी घटनाएं सेंसर बोर्ड के फैसलों पर सवाल उठाती हैं।₹ नयनतारा की 'अन्नपूर्णानी' हाल ही में रिलीज हुई थी। सिनेमाघरों के बाद फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर जारी किया गया था। हालांकि, इसके बाद फिल्म और इसके निर्माताओं को धार्मिक भावनाओं को आहत करने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा। आखिरकार अन्नपूर्णानी को नेटफ्लिक्स से हटा दिया गया और प्रोडक्शन हाउस ने माफीनामा जारी किया। भारी हंगामे के बाद हाल ही में फिल्म के निर्मताओं में से एक जी स्टूडियोज ने एक बयान जारी कर वादा किया था कि इसके दृश्यों को संपादित किया जाएगा और जब तक आवश्यक बदलाव नहीं किए जाते।

भोजपुरी

## सेलिब्रिटी का देर से पहुंचना गजब हो गया, फैन्स बरसाने लगे पत्थर



**पटना।** भोजपुरी सिनेमा के सितारों को दर्शक काफी पसंद करते हैं। मशहूर एक्ट्रेस अक्षरा सिंह के तो लाखों चाहनेवाले हैं।अक्षरा जहां भी जाती हैं, उन्हें एक नजर देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो जाती है। हाल ही में भोजपुरी एक्ट्रेस एक इवेंट में शामिल होने के लिए पहुंची थीं। जहां बेकाबू भीड़ ने पत्थरबाजी शुरू कर दी थी। अक्षरा सिंह बिहार औरंगाबाद के दाउद नगर में एक इवेंट में शिरकत करने पहुंची थीं। अक्षरा ने वहां पहुंचकर सभी से बातें भी की। लेकिन इस प्रोग्राम में इतनी भीड़ मौजूद थी कि अक्षरा सिंह की एक झलक पाने के लिए सभी बेकाबू हो गए। देखते ही देखते भीड़ ने अपना आपा खो दिया और खूब पत्थरबाजी की. पत्थरबाजी होता देख पुलिस को भी लाठी चार्ज करना पड़ा। पूरा मामला 17 जनवरी का है। जहां अक्षरा सिंह को एक शोरुम उद्घाटन में शिरकत करने के लिए बुलाया गया था। एक्ट्रेस के वहां होने की खबर जैसे-जैसे लोगों को मिली भीड़ जमा होती चली गई। लेकिन खुद अक्षरा इस इवेंट में काफी देरी से पहुंची थीं। माना जा रहा है कि एक्ट्रेस की फ्लाइट काफी लेट थी और इस वजह से वह कई घंटे देरी से पहुंची थीं। सर्दी में इतना इंतजार करना लोगों के लिए मुश्किल हो रहा था. जब तक एक्ट्रेस वहां पहुंची तो लोग गुस्से में आ चुके थे। लेकिन अक्षरा ने अपने फैन्स को एंटरटेन करने के लिए कुछ गाने भी गाए। देखते ही देखते इवेंट का माहौल पूरी तरह से बदल गया। अक्षरा सिंह के साथ सेल्फी लेने के चक्कर में धक्का-मुक्की शुरू हो गई। ऊपर से लोग पहले ही इंतजार करके थक चुके थे। ऐसे में इवेंट में हंगामा मच गया और पत्थरबाजी शुरू हो गई। बेकाबू भीड़ और पत्थरबाजी होता देख पुलिस बीच में आई और लाठी चार्ज शुरू कर दिया। अक्षरा सिंह को मौके से सुरक्षित बाहर लाया गया। वहीं तीन लोग घायल हो गए, जिसमें से एक पुलिसकर्मी हैं, जिन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया।

भोजपुरी

## एक और रोमांटिक फिल्म 'तोर मया के चिन्हा' रिलीज होगी 2 को




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी सिनेमा के प्रेमी दर्शकों के सम्मुख अगले माह एक और रोमांटिक फिल्म आ रही है। निर्माता कन्हैया पटनिहा, सहनिर्माता कुंदन शर्मा और निर्देशक एजाज सिद्दीकी की फिल्म 'तोर मया के चिन्हा' 2 फरवरी को रिलीज करने की तैयारी है। फिल्म की कहानी और संवाद कन्हैया पटनिहा ने ही लिखे हैं। कन्हैया फिल्म क्रिएशन और श्री जानकी स्टूडियो की प्रस्तुति तोर मया के चिन्हा एक रोमांटिक छत्तीसगढ़ी फीचर फिल्म है, इस फिल्म में नए कलाकारों को मौका दिया गया है। फिल्म का ट्रेलर 15 जनवरी को रिलीज किया जा चुका है और फिल्म 2 फरवरी को संपूर्ण छत्तीसगढ़ में रिलीज की तैयारी है। फिल्म के प्रदर्शन को लेकर कलाकारों में काफी उत्साह है। अलक राय ने जानकारी दी की छत्तीसगढ़ी फीचर फिल्म तोर मया के चिन्हा एक पारिवारिक लव स्टोरी है जिसे दर्शक पसंद करेंगे। इस फिल्म को छत्तीसगढ़ के ज्यादा से ज्यादा सिनेमाघर में रिलीज किए जाने की योजना है। रिलीज से पहले इस छत्तीसगढ़ी फिल्म का पोस्टर लांच किया गया। इस दौरान फिल्म की यूनिट से जुड़े लोग मौजूद थे।

न्यूयार्क की महफिल

लाइफ स्टाइल



काउंसिल ऑफ फैशन डिज़ाइनर्स ऑफ अमेरिका ने फ़ॉल/विंटर 2024 रनवे सीज़न के लिए प्रारंभिक आधिकारिक न्यूयॉर्क फैशन वीक शेड्यूल जारी कर दिया है। रचनात्मक निर्देशक के रूप में पीटर डो के द्वितीय वर्ष के शो को चिह्नित करते हुए, हेल्मुट लैंग औपचारिक रूप से शुक्रवार, 9 फरवरी को अमेरिकन कलेक्शंस की शुरुआत करेंगे और थॉम ब्राउन बुधवार 14 फरवरी की शाम को इस सप्ताह का समापन करेंगे। इसमें दुनिया भर के डिजाइनर और मॉडल्स पहुंचेंगे।

## जरूरत से ज्यादा स्किन टोनर साबित हो सकता है घातक



किसी भी चीज की अति क्षति का कारण बनती है। ऐसा ही कुछ स्किन टोनर के साथ भी है। जब आप जरूरत से ज्यादा स्किन टोनर का इस्तेमाल करते हैं तो इससे आपकी स्किन को कुछ नुकसान भी उठाने पड़ सकते हैं। आपको स्किन ड्राईनेस (स्किन ड्राईनेस टिप्स) और इरिटेशन की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि टोनर में अक्सर अल्कोहल या अन्य एसट्रिजेंट होते हैं, जिसके कारण आपकी स्किन का नेचुरल ऑयल कहीं छिन जाता है। जब ऐसा होता है तो इससे स्किन में रूखापन, रेडनेस और जलन हो सकती है। आपको शायद पता ना हो, लेकिन टोनर का अधिक इस्तेमाल आपकी स्किन को और भी अधिक संसेटिव बना सकता है। जब आपकी स्किन अधिक संसेटिव हो जाती है तो इससे अपनी स्किन की देखभाल करना थोड़ा अधिक मुश्किल हो जाता है। पहले से ही एक्जिमा या रोसैसिया जैसी स्किन कंडीशन की समस्या है तो ऐसे में आपको टोनर का इस्तेमाल बेहद सोच-समझकर करना चाहिए। जब आप टोनर का अधिक इस्तेमाल करते हैं तो इससे इस स्किन कंडीशन से जुड़े लक्षण बद से बदतर हो जाते हैं।


हो सकता है कि आपको अधिक जलन या इरिटेशन भी महसूस हो।

## हैंडक्रीम का इस्तेमाल करने से पहले फॉलो करें रूल



हम सभी की स्किन केयर किट में फेस वॉश से लेकर बॉडी मॉइश्चराइजर, सीरम तक कई प्रोडक्ट्स हमेशा ही रहते हैं। लेकिन अक्सर हम हैंड क्रीम को इस्तेमाल करने पर बहुत अधिक ध्यान नहीं देते हैं। लेकिन हाथों की स्किन पर भी चेहरे की स्किन की ही तरह तेजी से एजिंग के साइन्स नजर आते हैं। जब नियमित रूप से हैंड क्रीम का इस्तेमाल किया जाता है तो इससे एजिंग के साइन्स को लंबे समय तक रिवर्स किया जा सकता है। इसलिए, आपको हैंड क्रीम को बिल्कुल भी मिस नहीं करना चाहिए। अगर आप ग्लव्स आदि पहने बिना काम करते हैं तो स्किन पर और भी ज्यादा गहरा असर पड़ता है। इसलिए, कोशिश करें कि आप हैंड क्रीम का इस्तेमाल करें। यह आपकी स्किन डैमेज को रिपेयर करने में मदद करेगी। जब हमारे हाथ बार-बार डिटर्जेंट, साबुन या फिर तरह-तरह के केमिकल्स के संपर्क में आते हैं तो ऐसे में स्किन में रूखापन बढ़ने लगता है। यहां तक कि बार-बार हाथों को धोने या फिर सैनिटाइजर के इस्तेमाल से भी हाथ अधिक रूखे दिखते हैं।

## ठंड में कैप पहनना जरूरी हो तो इन टिप्स के साथ रखें बालों का ख्याल



ठंड के मौसम में अगर आप हरदम कैप पहनते हैं तो यह आपके बालों के काफी नुकसानदायक साबित हो सकता है। कई बाद विंटर कैप हेयर स्ट्रैन्ड्स के साथ फ्रिक्शन कर सकती हैं, जिससे आपको बालों के टूटने या फिर दोमुंहे बालों की समस्या हो सकती है।

इतना ही नहीं, अगर आपके बाल हल्के नम हैं और आप कैप पहन लेते हैं तो इससे आपके बालों व स्कैल्प का मॉइश्चर भी खो जाता है। इससे आपको बालों में से स्मेल आने के अलावा फंगल ग्रोथ की शिकायत भी हो सकती है।

अगर आप विंटर में खुद को प्रोटेक्ट करने के लिए कैप पहन रहे हैं तो आपको उसके मैटीरियल पर भी फोकस करना चाहिए। कोशिश करें कि कैप नेचुरल फाइबर जैसे वूलन या कॉटन से बनी हों। सिंथेटिक मैटीरियल फ्रिक्शन का कारण बन सकता है और इससे आपको हेयर फॉल सहित अन्य कई प्रोब्लम्स भी हो सकती हैं।

जब आप कैप (सर्दियों में पहनें ये विंटर कैप) पहन रहे हैं तो आपको उसकी क्लीनिंग पर भी ध्यान देना चाहिए। अगर आप गंदी कैप पहनते हैं तो इससे आपको बालों से जुड़ी कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए, कोशिश करें कि आप ऑयल बिल्डअप, पसीने या गंदगी को हटाने के लिए कैप को समय-समय पर साफ करते रहें। अक्सर लोग विंटर में बहुत अधिक टाइट कैप पहनना पसंद करते हैं। लेकिन अगर आप ऐसा करते हैं तो इससे आपके बालों को काफी नुकसान होता है। टाइट कैप पहनने के कारण आपके बाल टूट सकते हैं।

साथ ही साथ, इससे हेयर फॉलिकल्स भी डैमेज हो सकते हैं। इसलिए, कोशिश करें कि आप ऐसी कैप चुनें, जो आपके सिर में अच्छी तरह फिट हो। वह ना तो बहुत टाइट हो और ना ही एकदम लूज।

ठंड के मौसम में स्कैल्प हाइड्रेशन काफी कम हो जाता है और ऐसे में कैप बालों को डैमेज करती है। इसलिए, विंटर में अपने बालों की केयर करने के लिए नियमित रूप से अपने सिर की मसाज करें।

इससे स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन भी इंप्रूव होता है। साथ ही साथ, हेयर हेल्थ को भी बढ़ावा मिलता है। ऑयल मसाज के अलावा आप कुछ डीप कंडीशनिंग हेयर मास्क को भी अपने हेयर रूटीन में शामिल करें।

## भारी हाथों पर खूब जचेंगे चूड़ी के बेहद खूबसूरत सेट, आपके लिए नए डिजाइंस

हर तीज-त्योहार के मौके पर हाथों पर चूड़ियां पहनी जाती हैं। इसके लिए भी आपको हाथ के साइज और शेप का खास ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। आज जानिए भारी हाथों के लिए चूड़ी सेट के खास डिजाइंस के बारे में।

लटकन डिजाइन चूड़ी सेट

प्लेन डिजाइन की चूड़ी के साथ अगर आप सेट बनाने का सोच रही हैं तो भारी हाथों पर आप इस तरह के झुमकी डिजाइन वाली लटकन कंगन या चूड़ी को एडजस्ट कर सकती हैं। इसमें आपको कई तरीके के डिजाइन पर वर्क आसानी से मिल जाएंगे। वहीं इसमें आप चाहे तो चूड़ी सेट के आगे और पीछे मीडियम डिजाइन वाली अलग रंग की चूड़ी लगा सकती हैं।

### वेलवेट डिजाइन चूड़ी सेट

क्लासी और फैंसी लुक वाली चूड़ी के सेट हाथों में पहन सकती हैं तो इस तरह के मैरून या ग्रीन कलर की चूड़ी के साथ आप चौड़े डिजाइन के कंगन आप लगवा सकती हैं। कंगन के लिए आप कोशिश करें कि डायमंड या फ्लोरल डिजाइन को चुनें।

### मल्टी डिजाइन चूड़ी सेट

मल्टी- शेड की चूड़ी सेट देखने में काफी हैवी और फैंसी लुक देने में मदद करती हैं। वहीं इसे आप पंजाबी स्टाइल सलवार-कमीज के साथ पहन सकती हैं और इसके अलावा आप इसे इंडो-वेस्टर्न बोहो लुक के लिए स्टाइल कर सकती हैं। साड़ी के साथ पहन रही हैं तो इसमें आप गोल्डन या सिल्वर कलर की चूड़ियां भी शामिल कर सकती हैं।

## नेकलाइन डिजाइन्स अपनाकर खूबसूरत बना सकते हैं साड़ी

फैशन







साड़ी का लुक तब ही अच्छा आता है जब आप उसे ढंग से ड्रेप करती हैं और मैचिंग एक्सेसरीज से उसे स्टाइल करती हैं। साथ ही आपको सही ब्लाउज डिजाइन का भी चुनाव करना होता है। यदि आप ऐसा नहीं करती हैं तो महंगी से महंगी साड़ी आप पर फीकी नजर आती है। इसलिए साड़ी के साथ सही ब्लाउज डिजाइन का चुनाव करना बहुत जरूरी है। खासतौर पर अगर आपकी पीठ ज्यादा चर्बी के कारण थुलथुली है, तो आपको ब्लाउज की बैक डिजाइन पर ज्यादा ध्यान देना होगा और ऐसी नेकलाइन का चुनाव करना होगा।

**छोटा गोल गला डिजाइन** : यदि पीठ पर ज्यादा फैट है और ब्लाउज पहनने के बाद नीचे या ऊपर से टायर बनकर लटकने लगते हैं, तो जाहिर है कि दिखने में यह अच्छा नहीं लगता है। इसलिए आपको ब्लाउज का गला छोटा और गोल ही रखना चाहिए। हालांकि, यह बहुत ही पुरानी नेकलानइ डिजाइन है, मगर आप इसे फैंसी लुक देने के लिए डिजाइनर लटकन का प्रयोग कर सकती हैं।

**डीप यू डोरी वाला ब्लाउज** : अगर आपकी बस्ट लाइन के नीचे ज्यादा फैट है और आप उसे ब्लाउज से छुपाना चाहती हैं, तो आजकल लॉन्ग लेंथ वाले ब्लाउज बहुत ज्यादा फैशन में हैं और आप इसमें डीप यू नेकलाइन बनवा सकती हैं। ऊपर दिखाए गए ब्लाउज डिजाइन में एक ही डोरी लगी हुई है, मगर आप चाहें तो क्रिस-क्रॉस डोरी स्टाइल भी बनवा सकती हैं।

**नेट बैक वाला ब्लाउज डिजाइन** : आप ब्लाउज की बैक को स्टाइलिश लुक देने के लिए उसकी बैक पर मैचिंग नैअ का प्रयोग कर सकती हैं। ऊपर जो तस्वीर दिखाई गई है उसमें भी मैचिंग एंब्रॉयडरी वाली नेट लगाई हुई है। आप इसमें फैब्रिक के ही बटन बनवाकर लगा सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज में डीप नेकलाइन बनवाने की जगह आप इसे बंद गला स्टाइल में बनवा सकती हैं।

इस तरह के ब्लाउज आप कॉटन, शिफॉन या फिर फैशनेबल फैब्रिक वाली साड़ियों के साथ कैरी कर सकती हैं। हां, सिल्क साड़ी के साथ नेट बैक वाले ब्लाउज अच्छे नहीं लगते हैं।





# आमिर जल्द शुरू करेंगे अपनी नई फिल्म 'सितारे जमीन पर' की शूटिंग

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान अपनी आने वाली फिल्म 'सितारे जमीन पर' की शूटिंग फरवरी में शुरू कर सकते हैं। आमिर खान ने फिल्म लाल सिंह चड्ढा की फ्लॉप के बाद से फिल्मों से दूरी बना ली थी। आमिर बहुत जल्द फिल्मों में वापसी करने जा रहे हैं। बेटी आइरा खान की शादी के बाद अब आमिर खान पूरी तरह से अपने करियर की तरफ ध्यान देने वाले हैं। चर्चा कि आमिर 02 फरवरी से फिल्म सितारे जमीन पर की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। इस फिल्म के लिए आमिर खान ने अपना लुक भी तय कर लिया है। कहा जा रहा है कि फिल्म सितारे जमीन पर की अधिकांश शूटिंग आमिर खान दिल्ली में करने वाले हैं। आमिर खान बतौर निर्माता फिल्म लाहौर 1947 बनाने जा रहे हैं।



लाइफ Style

# परिणीति

## अभिनय के बाद संगीत में बनाएंगी कॅरियर

परिणीति चोपड़ा ज्यादातर बॉलीवुड सितारों की तरह अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। दरअसल, अभिनय का जादू चलाने के बाद परिणीति ने अब संगीत की दुनिया में कदम रख लिया है। अभिनेत्री अब बाकी गायकों की तरह मंच पर प्रदर्शन करती नजर आएंगी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बीते काफी समय से अभिनेत्री आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा संग अपनी पारिवारिक जिंदगी के कारण चर्चा में हैं। हालांकि,अब परिणीति के मीडिया खबरों में आने की वजह उनका काम है। एक रिपोर्ट के अनुसार, परिणीति म्यूजिक इंडस्ट्री में अपना करियर शुरू कर रही हैं। अभिनेत्री ने एंटरटेनमेंट कंसल्टेंट एलएलपी के साथ एक डील की है, जिसके जरिए वह गायन के अपने जुनून को अपना पेशा बनाने जा रही हैं। एंटरटेनमेंट कंसल्टेंट एलएलपी, टीएम वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड और टीएम टैलेंट मैनेजमेंट का हिस्सा है, जो अरिजीत सिंह, सुनिधि चौहान, बादशाह, अमित त्रिवेदी जैसे गायकों के स्टेज शो कराते हैं। इसका ऐलान खुद परिणीति ने भी कर दिया है। अभिनेत्री ने अपने फैंस के साथ अपने जीवन के इस बड़े फैसले को साझा करने के लिए इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया है। उन्होंने लिखा, 'संगीत मेरे लिए हमेशा से मेरी खुशी का ठिकाना रहा है... खराब समय में यह मेरी शांति रहा है। मैंने दुनियाभर के अनगिनत संगीतकारों को मंच पर प्रदर्शन करते देखा है और अब आखिरकार उस दुनियाभर का हिस्सा बनने का मेरा समय आ गया है।'

## हॉलीवुड मसाला




# गर्लफ्रेंड नताली संग दिए पोज

**लॉस एंजिलस।** 'अर्गिल' इस साल की बहुप्रतीक्षित हॉलीवुड फिल्मों में से एक है। बीती रात सितारे लंदन में फिल्म के वर्ल्ड प्रीमियर के लिए निकले। सितारों से सजे इस कार्यक्रम में कई दिग्गजों ने रेड कार्पेट पर जलवा बिखेरा। प्रीमियर में ब्राइस डलास हॉवर्ड, दुआ लीपा और अन्य सितारे शिरकत करते देखे गए। वहीं, इस इवेंट में सबसे ज्यादा लाइमलाइट 40 साल के अभिनेता हेनरी कैविल ने बटोरी। इस दौरान वह अपनी गर्लफ्रेंड नताली विस्कुसो के साथ रेड कार्पेट पर पोज देते नजर आए।



# बोमन को ब्रिटिश संसद से मिलेगा विशेष सम्मान...

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता बोमन ईरानी को भारतीय सिनेमा में उल्लेखनीय योगदान के लिए ब्रिटिश संसद द्वारा सम्मानित किया जाएगा। बोमन ईरानी ने हिंदी सिनेमा में अपने योगदान के लिए अपार प्यार और सराहना हासिल की है। बोमन ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में 24 वर्षों से अधिक के करियर के साथ दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाई है और खुद को बेहतरीन कलाकारों में से एक के रूप में स्थापित किया है। बोमन ईरानी अपने परिवार के साथ 24 जनवरी, को लंदन के लिए रवाना हो गए। बोमन को भारतीय सिनेमा में उल्लेखनीय योगदान के लिए ब्रिटिश संसद द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, उन्हें ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी और द लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में एक विशेष वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है।



# 14 जून को सिनेमाघरों में होगी प्रदर्शित

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत की आने वाली फिल्म इमरजेंसी 14 जून को रिलीज होगी। ज़ी स्टूडियोज़ और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित पीरियड पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म इमरजेंसी में कंगना रनौत ने पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई है। 'इमरजेंसी' 14 जून को स्क्रीन पर रिलीज होने वाली है। 'इमरजेंसी' में अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। ज़ी स्टूडियोज और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित, फिल्म का संगीत संचित बल्हारा और पटकथा और संवाद रितेश शाह द्वारा दिया गया है।कंगना रनौत ने फिल्म इमरजेंसी की रिलीज की तारीख की घोषणा सोशल मीडिया पर एक पोस्टर के माध्यम से की।



# 'क्रैक' का दूसरा गाना जीना हराम जारी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल पिछले कुछ समय से अपनी आने वाली स्पोर्ट्स-एक्शन फिल्म 'क्रैक' को लेकर चर्चा में हैं। इसमें उनकी जोड़ी प्रसिद्ध अभिनेत्री और डांसर नोरा फतेही के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। 'दिल झूम' (पहला गाना) के बाद अब निर्माताओं ने 'क्रैक' का दूसरा गाना 'जीना हराम' जारी कर दिया है, जिसमें विद्युत और नोरा एक-दूसरे संग इश्क फरमाते नजर आ रहे हैं। दोनों की शानदार केमिस्ट्री लोगों का दिल जीत रही है। विद्युत और नोरा की यह फिल्म 23 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। 'जीना हराम' को विशाल मिश्रा और शिल्पा राव ने मिलकर गाया है तो वहीं इस गाने के बोल तनिष्क बागची ने लिखे हैं। 'क्रैक' के निर्देशन की कमान आदित्य दत्त ने संभाली है।

## टीवी मसाला

# बिग बॉस के लिए करोड़ों की रकम वसूल करते हैं ये सितारे

**मुंबई।** बिग बॉस 17 तीन महीने से अधिक समय तक धमाल मचाने के बाद अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। शो में आए दिन कंटेस्टेंट्स के जमकर झगड़े देखे जाते हैं, जिसके बाद शो के होस्ट सलमान खान वीकएंड के वार एपिसोड में आकर उन्हें अपने अंदाज समझाते और फटकार भी लगाते हैं। इस भूमिका के लिए चैनल की ओर से सलमान को एक मोटी रकम दी जाती है। यही नहीं, बहुत से भारतीय सितारे भी बिग बॉस के अलग-अलग संस्करणों के लिए तगड़ी फीस चार्ज करते हैं।



**सलमान खान :** बॉलीवुड के दबंग सलमान खान लंबे समय से बिग बॉस शो को होस्ट करते हुए नजर आ रहे हैं। हर हफ्ते वे वीकएंड के वार पर शो में आते हैं और कंटेस्टेंट्स के पूरे सात दिनों के रिपोर्ट कार्ड के हिसाब से उनकी तारीफ और क्लास लगाते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सलमान ने इस सीजन के लिए 200 करोड़ रुपये चार्ज किए हैं। अगर प्रति एपिसोड का हिसाब लगाया जाए तो वे एक एपिसोड के 12 करोड़ रुपये चार्ज कर रहे हैं।



**कमल हासन :** कमल हासन साउथ से सबसे बड़े सुपरस्टार्स में से एक हैं। फैंस को उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार रहता है। विक्रम की सफलता के बाद कमल जल्द ही इंडियन 2 में नजर आने वाले हैं। फिल्मों के अलावा वे टीवी पर भी सक्रिय हैं। बिग बॉस के तमिल संस्करण की वे मेजबानी करते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सीजन 7 के लिए उन्होंने 130 करोड़ की फीस वसूली है।



**मोहनलाल :** मोहनलाल को उनके फैंस प्यार से कंप्लीट एक्टर कहकर पुकारते हैं। फिल्मों में अपनी अदाकारी से वे लाखों दिलों पर राज करते हैं। छोटे पर्दे पर भी उनका खूब जलवा देखने को मिलता है। वे बिग बॉस मलयालम शो को होस्ट करते हैं। पांचवें सीजन के लिए अभिनेता को शो के मेकर्स ने 18 करोड़ का भुगतान किया था।



**नागार्जुन :** तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री के सबसे शानदार कलाकारों में नागार्जुन की भी गिनती होती है। साउथ के साथ हिंदी पट्टी में भी उनकी अच्छी फैन फॉलोइंग है। वे भी बिग बॉस शो को होस्ट करते हैं। जानकारी के अनुसार बिग बॉस तेलुगु 7 के लिए उन्हें 15-20 करोड़ रुपये दिए गए थे।



**किच्चा सुदीप :** कन्नड़ सुपरस्टार किच्चा सुदीप कई हिंदी फिल्मों में भी नजर आ चुके हैं। अपने फिल्मी करियर में उन्होंने कई यादगार रोल निभाए हैं। वे बिग बॉस कन्नड़ शो को होस्ट करते हुए नजर आते हैं। इस शो के नौवें सीजन के लिए अभिनेता ने नौ करोड़ रुपये चार्ज किए थे।

**महेश मांजरेकर :** इस लिस्ट में महेश मांजरेकर का नाम भी शामिल है। वे हिंदी और मराठी सिनेमा में काफी मशहूर हैं। अब तक वे कई फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। साथ ही वे बहुत सी फिल्मों में अपनी अदाकारी भी दिखा चुके हैं।

# चिरंजीवी-अंजू भट्ट निर्देशित हिंदुत्व आज होगी रिलीज...

**मुंबई।** टैग प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनी फिल्म हिंदुत्व ओटीटी प्लेटफॉर्म मास्क टीवी पर 26 जनवरी को रिलीज होगी। फिल्म हिंदुत्व के निर्माता चिरंजीवी भट्ट और अंजू भट्ट हैं। हिंदुत्व में किशोरवय को प्राप्त एक ऐसी युवती की कहानी कही गई है, जो अपनी संस्कृति को भुलाकर पाश्चात्य जगत की चकाचौंध में अपने अस्तित्व को ही नकारात्मक रूप से देखने लगती है। उसको समझाने के लिए एक युवा जो धर्मनिष्ठ भी है और शिक्षित भी है वो अपने शिक्षण स्थल से ही इस हिंदुत्व के अलख को जगाता है और आखिर में युवती को उसकी असलियत से रूबरू कराकर हिंदुत्व के असली रूप से दर्शन कराता है। हिंदुत्व के लेखक ऋषील जोशी और निर्देशक करण राजदान है। फ़िल्म में श्वेता राज के लिखे गीत पर संगीत रवि शंकर ने दिया है। फिल्म के गानो में अनूप जलोटा, दलेर मेहंदी, मधुश्री, दिव्या कुमार, और मास्टर सलीम ने आवाज दी है। हिंदुत्व में आशीष शर्मा, सोनारिका भदौरिया, अनूप जलोटा, दीपिका चिखलिया, गोविंद नामदेव की अहम भूमिका है।




*बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म शैतान का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म शैतान ने अजय देवगन के आर माधवन और ज्योतिका की अहम भूमिका है। शैतान के टीजर की शुरुआत होती है एक राक्षस की मूर्ति के साथ, जिसमें पीछे वॉइस ओवर चलता है, जिसमें शैतान कहता है, 'कहते हैं ये पूरी दुनिया बहरी है, लेकिन सुनती सिर्फ मेरी है।*

# वो पूछेगा तुम से एक खेल खेलोगे? पर उसके बहकावे में मत आना, 'शैतान' का धांसू टीजर रिलीज...

**मुंबई।** काले से भी काला मैं, बहकाने का प्याला मैं, तंत्र से लेकर श्लोक का..मालिक हूं मैं नौ लोक का"। अजय देवगन ने सोशल मीडिया पर फिल्म शैतान टीजर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, "वो पूछेगा तुमसेएक खेल खेलोगे? पर उसके बहकावे में मत आना। जियो स्टूडियोज, देवगन फिल्म्स और पैनोरमा स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत, शैतान का निर्माण अजय देवगन, ज्योति देशपांडे, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक द्वारा किया गया है। विकास बहल निर्देशित फिल्म शैतान 08 मार्च को रिलीज होगी।



कार्नर न्यूज

## मेंस अपनी एसेसरीज पहनें कुछ टिप्स के साथ, फील होगा 'नो टेंशन'

# पुरुषों के लिए ढेरों फैशनेबल एसेसरीज अब मार्केट में, सलेक्ट करना भी एक बड़ा चैलेंज

*पुरुष भी कपड़ों के साथ एसेसरीज के कलेक्शन से अपने लुक को संवारने की पूरी कोशिश करते हैं। जब ऐसा है तो यह जरूरी है कि एसेसरीज पहनने और इससे जुड़े टिप्स जान लिए जाएं, ताकि आप खुद का बेस्ट लुक देख पाएं। आप इस तरह खुद को आत्मविश्वास से लबरेज पाएंगे और अपने लुक को लेकर भी 'नो टेंशन' फील करेंगे। इसलिए आपके पास जितनी भी एसेसरीज हैं, उनको अब इन टिप्स के साथ पहनना आपके काम आने वाला है। एसेसरीज के बेस्ट लुक के लिए कौन से टिप्स हैं जरूरी, जानने से पहले इंटरनेट पर एसेसरीज पहनने से जुड़ी कई सर्च की जाती हैं, पहले इनको जान लीजिए। कम में ज्यादा का मजा एसेसरीज आपके कपड़ों का लुक बेहतर करने का एक साधन है।*



### मौके के हिसाब से एसेसरीज

ज्यादातर बार पुरुष एसेसरीज ऐसी खरीदते हैं जो हर मौके पर चल जाए। लेकिन ये सही नहीं है आपको अलग मौकों के हिसाब से अलग एसेसरीज पहननी होती है। तब ही इसका लुक अच्छा आता है। जैसे फंकी लुक वाली घड़ी फॉर्मल कपड़ों पर बिल्कुल अच्छी नहीं लगती है।

### कपड़ों का रंग, एसेसरीज का रंग

एसेसरीज पहनने के लिए आपको कपड़ों के रंग पर भी ध्यान देना होगा। आपको कपड़ों के रंग के हिसाब से एसेसरीज का रंग भी चुनना होगा। इसके लिए जरूरी है कि आप कलर स्कीम को समझ लीजिए।

### चंकी ज्वेलरी की मैचिंग

पुरुषों के लिए भी कई तरह की चंकी ज्वेलरी बाजार में मौजूद है। लेकिन इनको पहनने के लिए खास तरह के कपड़ों की जरूरत होती है। और ये हर ड्रेस के साथ मैच बिल्कुल नहीं होते हैं। फॉर्मल कपड़ों के साथ तो बिल्कुल भी नहीं।

### सिल्वर ज्वेलरी ट्रेंड

सिल्वर ज्वेलरी का ट्रेंड पुरुषों के मामले में अक्सर सही रहता है। पुरुष इनको पसंद भी खूब करते हैं। सिल्वर रंग किसी तरह की कलर स्कीम का हिस्सा नहीं है लेकिन ये बात भी सही है कि किसी भी कलर के साथ ऑड भी नहीं लगता है। सिल्वर ज्वेलरी को काले और डार्क ग्रे कलर के साथ पहनकर टाइमलेस लुक पाया जा सकता है। गर्मी में आप हल्के रंगों के साथ भी इसे आसानी से पहन सकते हैं।

### स्टोन ज्वेलरी हो कितनी

स्टोन ज्वेलरी अगर आप पहनते हैं तो इसको भी कितना पहनना है, इस पर ध्यान देना होगा। दरअसल बहुत ज्यादा स्टोन ज्वेलरी लुक बिगाड़ देती है। हाथ में एक स्टोन की अंगूठी या फिर एक कान में स्टोन वाला इयररिंग ही काफी होता है। इसके अलावा कोई और स्टोन ज्वेलरी न ही पहने तो अच्छा है। इसके अलावा कुछ भी पहनेंगे तो बहुत भारी लगेगा।





# REPUBLIC DAY - SUPER OFFER

## 26 जनवरी – 31जनवरी

MENS WEAR
BRANDS*
FLAT-50%

SAREE
UP TO
50%

KIDS WEAR
FLAT*
50%+10%

LADIES DRESES
FLAT
50% & 60%

MENS LADIES
KIDS
ALL WINTER
FLAT - 50%

COTY - 800/-
BLAZER - 1200/-
BLAZER - 25%
SUIT - 25%

*Term & Condition Apply

NIKE · JORDAN · BLACKBERRYS · Levi's · CRIMSOUNE CLUB FASHION CLOTHING · ARISTU · likha · Pepe Jeans LONDON · FABALLEY
mufti · madame · JACK & JONES · INDIAN TERRAIN · RAISIN · RARE RABBIT · UNITED COLORS OF BENETTON. · MONTE CARLO · Beatnik
RAREISM · PARK AVENUE · BIBA · indya · Rangriti · GINI & JONY freedom fashions · TWENTY DRESSES · MANTRA
CONVERSE ALL STAR · SAREES · LAHNGAS A MANY MORES

# निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड

"द फैशन मॉल"

अम्बेडकर चौक, अम्बिकापुर

Mo.- 7774230041

# गणतंत्र दिवस पर जगह-जगह लहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुनगर

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर जशपुर में ध्वजारोहण किया एवं सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर, अपर कलेक्टर आरपी चौहान, संयुक्त कलेक्टर आरपी अंचला, सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर मंत्रणा सभाकक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

■ कलेक्टर ने कलेक्टोरेट कार्यालय में किया ध्वजारोहण

कार्यक्रम में जिला कार्यालय के विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने देशभक्ति से ओत प्रोत भाषण, गीत एवं कविता प्रस्तुत किए। कलेक्टर डॉ मित्तल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शासकीय सेवक के रूप में अपने परिवार के साथ-साथ देश व समाज की सेवा करने का अवसर भी प्राप्त होता है और सभी अधिकारी-कर्मचारी आमजनों का सतत सहयोग करते हैं। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों टीम भावना से साथ एक दूसरे साथ मिल कर कार्य करें, ताकि जिले सहित राज्य का नाम देश में गौरवान्वित हो सके।



## हायर सेकेंडरी बरजोर में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**कांसाबेल।** शासकीय उचत्तर माध्यमिक विद्यालय बरजोर विकासखंड कांसाबेल में 75 वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अथनस तिर्की सरपंच ग्राम पंचायत बरजोर विशिष्ट अतिथि अजय सोनी एवं ग्राम पंचायत बरजोर के पंच गण की उपस्थिति में हर्सोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। ध्वजारोहण पश्चात मार्च पास्ट करते हुए झंडे को सलामी दी गई प्रभात फेरी निकाली गई एवं स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पारितोषिक प्रदान की गई। अंत में मुख्य अतिथि अपने उदबोधन में समस्त जनता को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी गई तथा विद्यालय स्तर पर विशिष्ट कार्य हेतु श्रीमती विजय कुमारी टोप्पो राजनाथ साय पैंकरा एवम प्रेम शंकर यादव जी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं की अहम भूमिका रही।

## गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मना

**कांसाबेल।** जनपद पंचायत स्तरीय गणतंत्र दिवस का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांसाबेल प्रांगण में आयोजित किया गया इसमें मुख्य अतिथि सालिक साय प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा के द्वारा झंडा फहराया गया एवं परेड सलामी ली गई तत्पश्चात कपोत उड़ान की गई की गई एवं विभिन्न स्कूलों द्वारा झांकी का प्रदर्शन किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के द्वारा प्रदेश में खुशहाली की कामना की गई गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद किया गया विभिन्न विद्यालयों सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई जो देखने लायक था। इसके पश्चात विभिन्न विभाग के 33 अधिकारी एवं कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्यो के लिए प्रशंसित पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता गणेश जैन मंडल अध्यक्ष के द्वारा उद्बोधन दिया गया तत्पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ इस कार्यक्रम में आलोक सुभाष अग्रवाल सारथी सुदाम पांडा केशव पांडे भंवर पारिक कुलवंत सिंह भाटिया ज्योति गुप्ता लट्टू शर्मा सरपंच अमरकांता पैंकरा एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## कलेक्टर ने आवास में किया ध्वजारोहण

**जशपुरनगर।** 75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने अपने कलेक्टर आवास में ध्वजारोहण कर उपस्थित सभी लोगों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर, अपर कलेक्टर आरपी चौहान, संयुक्त कलेक्टर आरपी अंचला, एसडीएम जशपुर प्रशांत कुशवाहा सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



## सीएम मैडम कौशल्या साय ने ध्वजारोहण कर ली सलामी

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री निवास बगिया में गणतंत्र दिवस पर्व पर सीएम मैडम कौशल्या साय ने ध्वजारोहण कर सलामी ली। इसके पश्चात बंदरचुवा के बीएल स्कूल, शासकीय स्कूल बंदरचुवा, सरस्वती शिशु मंदिर कुनकुरी तथा खेल मैदान कुनकुरी में ध्वजारोहण किया। इस मौके पर बच्चों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। बच्चों द्वारा प्रभात फेरी भी निकाली गई। कार्यक्रम के दौरान सभी लोगों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी,कार्यक्रम में शांति के प्रतीक श्वेत कबूतर ओर रंगीन गुब्बारे भी उड़ाए। उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए कौशल्या साय ने कहा कि गण तंत्र दिवस, हमें अनुशासन मे रहने का संदेश देता है। संविधान का आदर और पालन करना हम सबका दायित्व है। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान मे स्वयं को समय के अनुरूप ढालने की अद्भुत क्षमता है। यही कारण है कि विश्व का सबसे बड़ी जनसंख्या और विविधताओ से भरे हुए इस देश मे हमारा संविधान, आज भी उतना ही प्रभावशाली है, जितना, इसके लागू होने के समय था।



## माध्यमिक शाला चराईडांढ में धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया



**जशपुरनगर।** गणतंत्र दिवस एक राष्ट्रीय पर्व है जिसे सभी स्कूलों में धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस बार 75 वां गणतंत्र दिवस था, जिसे शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में उत्सव की भांति मनाया गया। विद्यालय में ग्रामीणों एवं पालकों को आमंत्रित किया गया था। ग्रामीणों और शालेय परिवार की उपस्थिति में उपसरपंच दल्लू राम के द्वारा झंडा फहराया गया और राष्ट्रगान गया। बच्चों के द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी तैयार किए गए थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा विद्यालय की शिक्षिका सीमा गुप्ता के द्वारा ग्रामीणों के लिए कुछ छोटे-छोटे प्रश्न भी तैयार किए गए थे जिन्हें सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान बीच बीच में उनके द्वारा पूछा जा रहा था और उसके लिए पुरूस्कार भी दिया जा रहा था। उपस्थित ग्रामवासी बहुत उत्साह के साथ प्रश्न के उत्तर दे रहे थे। पालकों के लिए गुब्बारा फुलाव प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया था, जिसमें 1 मिनट में गुब्बारा फुलाना था। जिसमें सुनील मुंडा के द्वारा अधिकतम चार गुब्बारा फुला कर जीत दर्ज की गई।

## शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में संयुक्त रूप से मना गणतंत्र दिवस

**जशपुरनगर।** महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय सांकरा पाटन, दुर्ग के अधीन संचालित उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, कुनकुरी, सीतापुर के अधिष्ठाता डॉ रविन्द्र तिग्गा एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र कुनकुरी के अधीक्षक बीजे कुजुर के सफल मार्गदर्शन में संयुक्त रूप से गणतंत्र दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अधिष्ठाता डॉ रविन्द्र तिग्गा एवं अधीक्षक बीजे कुजुर द्वारा दीप प्रज्वलीत कर ध्वजा रोहण किया गया। उसके पश्चात डॉ तिग्गा द्वारा संबोधन स्वरूप भारतीय संविधान की महानता, लोकतंत्र की अजेयता एवं देश की एकता अखंडता को समर्पित करते हुए राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी एवं कृषि एवं उद्यानिकी के क्षेत्र में होने वाली महत्वपूर्ण उपलब्धियों से रूबरू कराया तथा भविष्य में उद्यानिकी के क्षेत्र में होने वाले अपार संभावनाओं हेतु प्रेरित किए। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र कुनकुरी के अधीक्षक श्री कुजुर ने अपने संबोधन में औद्योगिक क्षेत्र में प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रशिक्षणार्थी एक कुशल कारीगर के रूप में देष के औद्योगिक विकास में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करते है। इसके फलस्वरूप छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण, देश भक्ति गीत, कविता एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक अरबिन्द कुमार साय, सुरेश कुमार, डॉ युगलकिशोर लोधी, डॉ.राहुल कुमार गुप्ता, कु.प्रतिक्षा भगत, डॉ.लक्ष्मी सिंह, डॉ.रैना बाजपयी, मुकेश अनंत, डॉ.अंकिता सिंह, अभिमन्यु पटेल, मुकेश खरसन, डॉ राजकुमारी, डॉ.सुभी सिंह, प्रशिक्षण अधिकारी एसपी यादव, विनोद कुमार, पिताम्बर राम, विवके लकड़ा एवं अधिकरी व कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## जीवन झरना संस्था में गणतंत्र दिवस मनाया गया



**कांसाबेल।** जीवन झरना विकास संथा कांसाबेल जिला जशपुर छत्तीसगढ़ के प्रांगण मे गणतंत्र दिवस की 75वा वर्षगांठ बड़ी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

जिसमे विजयाज्योति कांवेंट कांसाबेल के सिस्टर ईमेल्डा, सिस्टर शांता, जीवन झरना विकास सस्था कांसाबेल के समस्त स्टाप एवं जीवन झरना विकास संस्था कांसाबेल द्वारा संचालित निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण ले रहे छात्राएं उपस्थित रहे, सर्व प्रथम मुख्य अतिथि सि. इमेल्डा जी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया उसके बाद सिलाई प्रशिक्षण लेने वाले बच्चे एवं जेजेवीएस के कार्यकर्त्ताओ द्वारा रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम प्रदर्शन किया गया उसके बाद अतिथि द्वारा वीर शहीदो को याद किया गया और सविधान को उल्लेखित करते हुए सभी नागरिकों को अपने अधिकार एवं कर्तब्य को जानने एवं उनकी रक्षा करने की प्रेणा दी गई और समाज मे होने वाली बुराइयों को संघठित होकर खत्म करने का सन्देश दिया गया अंत मे मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।



## गणतंत्र दिवस पर खेला गया अधिकारी और नागरिकों के बीच क्रिकेट मैच

**जशपुरनगर।** जशपुर जिला मुख्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह की समाप्ति के बाद रंजीता स्टेडियम में अधिकारी और नागरिकों के बीच शो क्रिकेट मैच खेला गया। यह मैच अधिकारियों की टीम अधिकारी इलेवन और नागरिकों की टीम नागरिक इलेवन के बीच खेला गया। जिसकी मुख्य अतिथि जशपुर विधायक रायमुनी भगत रही।बटा दें की अधिकारी इलेवन में तो जिले के अधिकारी कलेक्टर डॉ रवि मित्तल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डी रविशंकर, एडिशनल एसपी, डीएसपी, के अलावा जिला पंचायत व अन्य विभागों के अधिकारीही मैदान में खेलते दिखे लेकिन नागरिक इलेवन में बीजेपी के नेता ही मैदान में देखने को मिले जैसे भाजपा के वरिष्ठ नेता कृष्ण कुमार राय, जिला अध्यक्ष सुनील गुप्ता, नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष, संतोष सिंह, आलोक राय के अलावा अन्य बीजेपी के नेता खेल रहे थे। अधिकारी इलेवन ने नागरिक इलेवन को हराते हुए मैच पर अपना कब्जा बनाते हुए मैच जीत गए।

## गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ट शिक्षक हुए सम्मानित

**जशपुरनगर।** देश के 75 वां गणतंत्र दिवस पर जशपुर ब्लॉक के शिक्षक मुकेश कुमार को उत्कृष्ट शिक्षक के सम्मान से जिला मुख्यालय रणजीता स्टेडियम में गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती गोमती साय एवम जिला कलेक्टर डॉक्टर रवि मित्तल के हाथों सम्मानित हुए, साथ में जशपुर ब्लॉक से श्रीमती रिचा गुप्ता साई टांगरटोली से सम्मानित हुई।

श्री मुकेश कुमार वर्तमान में शासकीय प्राथमिक शाला दासडुमरटोली, विकासखंड जशपुर में कार्यरत हैं वर्तमान में विद्यालय में नई शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षा की व्यवस्था करने हेतु पूरी तैयारी चल रही है। इस विद्यालय में वर्तमान पीढ़ी के शिक्षा के अनुरूप बच्चों को शिक्षा देने के आयाम बन रहे हैं। नवाचारी शिक्षक मुकेश कुमार के विद्यालय बच्चों के साथ किए नवाचार में पता चला की गांव के बच्चे बहुत जल्दी सीखते हैं। मुकेश कुमार ग्राम कोनपारा तहसील फरसाबहार के निवासी हैं।



मुकेश कुमार के शिक्षिकिय जीवन में पहला ऐसा अवसर आया जब उन्हें उत्कृष्ट शिक्षक का सम्मान मिलने जा रहा है, शासकीय प्राथमिक शाला दासडुमरटोली शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा। पिछले वर्ष विद्यालय के प्रधान पाठिका फिरदौस खानम भी शिक्षक दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए उत्कृष्ट शिक्षक के सम्मानित से सम्मानित हो चुकी हैं। विद्यालय में इंग्लिश स्पोकन की कक्षा , आर्ट क्राफ्ट एवम नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु अलग से कक्षा ली जा रही है ताकि विद्यार्थी आज के प्रतियोगी युग के अनुरूप तैयार हो सकें। पिछले वर्ष विद्यालय से एकलव्य विद्यालय हेतु छात्रा का चयन हो चुका है। मुकेश कुमार शिक्षक के साथ साथ छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग रायपुर के जिला समन्वयक जिला जशपुर का भी दायित्व है तथा प्रगतिशील लेखक संघ कुनकुरी जशपुर ईकाई के सचिव भी हैं, वे स्वयं लेखक व कवि हैं सादरी, लारिया, कुडुख एवम छत्तीसगढ़ी भाषा के साहित्य, कथा ,कहानी,गीत आदि को संग्रहण करने के साथ साथ नए नए सृजनशील लेखक कवि को भी आयोग के निर्देशानुसार उनके लेख को आयोग तक पहुंचाते हैं। मुकेश कुमार यूट्यूब चैनल के माध्यम से बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी भी कराते हैं।

## सशिमं में वार्षिकोत्सव व स्नेह सम्मेलन व सांस्कृतिक कार्यक्रम

**पत्थलगांव।** सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिकोत्सव स्नेह सम्मेलन पत्थलगांव विधायक गोमती साय की मुख्य आतिथ्य व डॉक्टर देवनारायण साहू प्रांतीय संगठन मंत्री सरस्वती शिशु संस्थान रायपुर एवं मुरारी लाल अग्रवाल अध्यक्ष शिशु मंदिर ,राजेंद्र अग्रवाल संस्थापक शिशु मंदिर के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। सबसे पहले मुख्य अतिथि द्वारा माता सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित किया गया इसके पश्चात सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य संतोष पाड़ी द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया वहीं सरस्वती शिशु मंदिर के व्यवस्थापक प्रयागराज अग्रवाल द्वारा भी विशिष्ट अतिथि का पुष्पाहार से स्वागत किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर के अन्नु ,चंदा एवं साथियों द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत गीत गाकर स्वागत किया गया ।वार्षिकोत्सव में सरस्वती शिशु मंदिर के नन्हे मुन्ने बच्चों, छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर दर्शकों को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया । जसप्रीत और साथी द्वारा उड़िया नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति पेश की गई। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नाटक नेहा एवं साथियों द्वारा बड़े ही खूबसूरत ढंग से पेश कर सभी को अपनी ओर आकर्षित कर लिया । कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई । स्कूल के प्राचार्य संतोष पाड़ी ने कहा कि नन्हे मुन्ने छात्रों द्वारा मंच पर आकर अपनी कला का प्रदर्शन करना शिक्षा के साथ एक महत्वपूर्ण कड़ी है जहां से होकर बच्चे अपनी अंदर छिपी हुई कला को सभी के सामने पेश करने का हुनर सीखते हैं ।आज के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं ,पुरुष, बच्चों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई ।पूरे कार्यक्रम के दौरान सरस्वती शिशु मंदिर के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने व्यवस्था बनाने में अपना विशेष योगदान दिया।

■ नन्हे मुन्हे बच्चों के साथ छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा

## खबर संक्षेप

### आयुष्मान व आभा कार्ड के लिए कर सकते है ऑनलाइन पंजीयन

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में 19 जनवरी की स्थिति में कुल 11 लाख 2 हजार 779 लक्ष्य में से 8 लाख 65 हजार 877 78.5 प्रतिशत हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया जा चुका है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिले के शेष हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड एवं आभा कार्ड बनाए जाने हेतु महा अभियान का आयोजन करने के निर्देश दिए है। जिसके लिए सभी ब्लाकों को प्रदाय किए गए डाटा के अनुसार छूटे हुए हितग्राहियों की जनसंख्या का आंकलन करते हुए रूट चार्ट बनाकर शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड एवं आभा कार्ड पंजीयन किया जाना है। साथ ही हितग्राही स्वयं अपना आयुष्मान कार्ड एवं आभा कार्ड के लिए ऑनलाईन पोर्टल एवं पर पंजीयन कर सकते है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका पद की अनंतिम सूची जारी

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र मधुबनपारा वार्ड क्रमांक 9 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पद के लिए जारी प्राविधिक अनंतिम मूल्यांकन पत्रक के आधार पर 29 जनवरी से 9 फरवरी सायं 5.30 बजे तक दावा आपत्ति आवेदन मंगाए गए है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी में दावा आपत्ति आवेदन जमा कर सकते है। इसी तरह एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण के द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र लाखा आवासपारा में आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन मंगाए गए थे। मूल्यांकन समिति द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण कर प्राविधिक अनंतिम मूल्यांकन पत्रक जारी किया गया है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी आवेदिका को कोई आपत्ति हो तो वे 29 जनवरी से 9 फरवरी सायं 5.30 बजे तक दावा आपत्ति आवेदन परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण में जमा कर सकते है।

### ऑनलाइन नवमतदाता सम्मेलन का आयोजन

**बरपाली।** 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर नमो नवमतदाता सम्मेलन का ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय जनता युवा मोर्चा के युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित करते हुए युवा शक्ति के बारे में बताया और भारत के भविष्य के रूप में युवाओं को काम करने का आह्वान किया। तिलकेजा में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व गृहमंत्री रामपुर विधानसभा के पूर्व विधायक ननकीराम कंवर उपस्थित हुए और उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं के साथ नमो नवमतदाता सम्मेलन के कार्यक्रम ऑनलाइन देखा और सभी कार्यकर्ताओं को नव मतदाताओं को राष्ट्रहित के कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आग्रह किया। कार्यक्रम में भाजयुमो की प्रदेश सदस्य प्रीति स्वर्णकार, जिला प्रशिक्षण प्रमुख प्रवीण उपाध्याय, रामनारायण सोनी, कुलसिंह कंवर, विश्राम कंवर, संजू वैष्णव, प्रकाश यादव, कमलेश अनंत, राकेश श्रीवास, रविन्द्र सोनी, संतोष राठौर, वीरेंद्र शुक्ला व अन्य युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बाइक से गिरकर युवक की मौत, मामला दर्ज

**कोरबा।** पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पकरीगडर्ग बैरा निवासी मनियर सिंह उरांव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 23 जनवरी की शाम करीबन 5 बजे के आसपास मनियर का दामाद राकेश मिंज एवं उसका बेटा शिवनारायण के साथ अलग अलग मोटर सायकल से चावल खरीदने पसान आये थे। रात्रि करीबन 9 बजे मनियर अपने दामाद राकेश कुमार के मोटर सायकल क्र. सीजी 31 ए 5796 में बैठा और उसका लड़का शिवनारायण अपने मो. सायकल हीरो एचएफ 100 सीजी 12 बीजे 1224 में अकेला बैंठकर आगे-आगे चलाते घर जा रहे थे। इसी दौरान रात्रि करीबन 10 बजे पकरी गड़ई गोलवा मोड़ के पास पहुंचे तो शिवनारायण अपना मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 बीजे 1224 से अनियंत्रित होकर गिर गया। गिरने से शिवनारायण के सिर में गंभीर चोट आयी है। जिसे इलाज के लिए पीएचसी पसान लेकर गये।

## बिजनेस प्लस



### निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड के रिपब्लिक डे सेल की धूम

**अंबिकापुर।** शहर के अंबेडकर चौक स्थित निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड में रिपब्लिक डे ऑफर की धूम मची हुई है।

बड़ी संख्या में लोग सेल में दी जा रही छूट का लाभ उठाने के लिए पहुंच रहे है। बता दें कि निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड द्वारा 26 से 31 जनवरी तक सुपर रिपब्लिक डे वीकेंड सेल लगाया गया है। सेल में लगभग सभी चीजें 60 प्रतिशत तक की छूट पर दी जा रही है। सेल में भारी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ रही है और सेल में दी जा रही छूट का लाभ उठाते हुए जमकर खरीददारी कर रहे है।







